संक्षिप्त

तीन दिवसीय फुलडोल मेले की तैयारियां पूर्ण

बौंली-बामनवास। रामस्नेही संप्रदाय के संतों द्वारा प्रारंभ किया गया प्राचीन तीन दिवसीय फूलडोल मेले की तैयारी रामशाला चौक बौंली नगर में पूर्ण हो गई है, यह तीन दिवसीय मेला प्रतिवर्ष होली के बाद भाई दोज से भरने लगता है इस वर्ष भाई दोज एक दिन बाद रविवार को होगी, मेले में झूला, चकरी, मणिहारी, चाट, पकौड़ी, मिट्टी व अन्य बर्तनों की दुकाने सजकर तैयार हो चुकी है, तीन दिवसीय मेले के दौरान बौंली नगर के अलावा आसपास से भी ग्रामीण महिला, पुरुष मिट्टी के बर्तन एवं खेती के काम में आने वाले सामानों के अलावा मनिहारी व अन्य बर्तनों की जमकर खरीदारी करते हैं। मेले में झूला, चकरी एवं सभी दुकानें सजकर तैयार हो चुकी है लेकिन आज कुछ भीडभाड कम नजर आई क्योंकि मेले का शुभारंभ दोज से ही माना जाता है।

फूलडोल महोत्सव का आयोजन

निवाई। श्री राधा गोपीनाथ मंदिर में शुक्रवार को फूलडोल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर पुजारी राजेश पारीक ने बताया कि शुक्रवार की देरशाम को पुजारी अनिल पारीक, महेश पारीक और प्रिंस पारीक ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान गोपीनाथ, माता रूकमणी व राधाजी का पंचगव्य और पंचामृत से अभिषेक किया और विशेष पोशाक पहनाकर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया। इसके बाद गाजेबाजे से भगवान को गर्भगृह से बाहर निकालकर लकड़ी के सिंहासन पर विराजमान कर फूल बंगले की झांकी सजाई गई। इसके बाद मावे के पेड़ों का भोग लगाकर पुजारी अनिल पारीक ने भगवान महाआरती की।

जमकर खेली होली

निवाई। शुक्रवार की सुबह से ही धुलण्डी के पर्व पर सैंकडों युवक अनेक टोलियों में सडकों पर उतर गए जो भागडे की धुन पर नाचते गाते हुड़दंग मचाकर एक दूसरे के गुलाल व रंग लगाकर होली खेली। मकानों छतो पर चढकर बच्चों ने भी लोगों पर पानी व रंग गुलाल फैककर होली का आनन्द लिया। इस दौरान अहिंसा सर्किल पर नवलगढ के कलाकारों द्वारा डोलक व मंजीरे की मधुर धुनों पर देवर म्हारो रेए यो हरीयो रूमाल वालो, पपीया तेरे बोलन की रूत आई रे। कुण रा महीना बोले मोर पपीया, कुआ में बोले कबूतर ओर आमडिया में बोले कोयलडिया एवं बोलन की ये बोलन रूत आई रे सहित कई शेखावाटी चंग व धमाल की प्रतुितयां देकर लोगों का मनोरंजन किया।

शीतला माता लख्खी मेला 20-21 मार्च को

चाकसू। चाकसू के टोंक रोड शीतला माता डूंगरी पर स्थित शीतला माता मंदिर में ऐतिहासिक श्री शीतला माता का दो दिवसीय लक्खी मेला आगामी 20 मार्च 2025 से 21 मार्च 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। श्री शीतला माता ट्रस्ट अध्यक्ष कजोड़ प्रजापति ने बताया कि 20 मार्च को रांधा पोवा एवं रात्रि जागरण के साथ मेंला शुरू होगा। शीतला माता के पहला भोग मंदिर की ओर से लगाया जाएगा। उसके बाद श्रद्धालु भोग लगेगा। उक्त मेले के मध्यनजर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अन्तिम रुप दिया जा चुका है।

विद्युत सप्लाई 10 बजे से 4 तक बाधित

चाकसू। बिजली विभाग के जुनियर ईन्जिनियर मुकेश कुमार गुर्जर ने बताया कि रविवार को 33/11 केवी जीएसएस चाकसू से निकलने वाले 11 केवी बादीगर फीडर पर शीतला मेले को मध्य नजर रखते हुए मेले में निर्बाध विद्युत सप्लाई उपलब्ध करवाने हेतु लाइनों के नीचे आ रहे पेड़ की टहनियों को काटने, लूज तारों वह जंपर को टाइट करने इत्यादि का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण उक्त ग्रिड सबस्टेशन से निकलने वाले बादीगर फीडर के दादनपुरा, यारलीपुरा, कठावाला, चौसला, आजमनगर शीतल आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 तक बाधित रहेगी।

जन्मदिन पर मरीजो को फल बांटे

श्रीमाधोपुर। सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्र के आयाम प्रमुख सत्यनारायण सेन गुरु का जन्मदिन राजकीय चिकित्सालय श्रीमाधोपुर में चिकित्सालय श्रीमाधोपुर में भर्ती रोगियों को फल वितरण एवं शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उपस्थित जिला प्रचारक विश्वेंद्र कुमार, ओमप्रकाश पचौरी, सेवा भारती के दया शंकर जी नगर, मुकेश खाटू वाला व झाबरमल शर्मा तथा अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

डोलची होली बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाई

दौसा। जिले के महवा इलाके के पावटा गांव में शनिवार को ऐतिहासिक डोलची होली का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम थे।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम इस आयोजन में विशेष रूप से शामिल हुए और स्थानीय लोगों के साथ होली का आनंद लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमारी संस्कृति और धरोहर को सहेजने का काम करती है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और शहीद बल्लू सिंह को नमन किया।

डोलची होली की यह अनूठी परंपरा शहीद बल्लू सिंह की याद में मनाई जाती है, जिसे लेकर देवर-भाभी के बीच रंगों और पानी से सराबोर होली खेली गई। ग्राम पंचायत स्तर पर इसके पुख्ता इंतजाम किए गए। गांव के हदीरा मैदान में दूर दराज से आने वाले हजारों लोगों के लिए बैठने और देखने की व्यवस्था की गई। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान अनेक वरिष्ठ लोग मौजूद थे। डोलची होली को देखने के लिए दूर-दूर से लोगों का हुजूम उमड़ा और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। डोलची होली की यह परंपरा पावटा गांव की खास पहचान है, जहां पानी से भरी डोलचियों के जरिए देवर-भाभी एक-दूसरे पर पानी डालते हैं और उत्सव का आनंद लेते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक है।

रात्रि को डोलची होली के मैदान में नौटंकी का भी आयोजन किया गया। शहीद बल्लू सिंह जिले के पावटा गाँव के एक वीर योद्धा थे। उनकी स्मृति में पावटा में होली के बाद दूज को डोलची होली का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग एक-दूसरे की पीठ पर डोलची से पानी की बौछार मारकर शहीद बल्लू सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

पावटा गांव में डोलची होली का आयोजन उत्साह के साथ किया गया।

निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर 25 मार्च को

शाहपुरा । जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के तहत जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग से स्व. रावधीरसिंह स्मृति सेवा मण्डल एवं मेडिकल रिलीफ सोसायटी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा, जयपुर द्वारा मंगलवार 25 मार्च 2025 को उपजिला चिकित्सालय, शाहपुरा में निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास जी महाराज ने निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। रावधीर सिंह स्मृति सेवा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद योगी ने बताया कि शिविर में भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर के अनुभवी वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र खाडिया, डॉ. सिद्धेश गर्ग, डॉ. विजिया शर्मा, डॉ. परनीत जाट, डॉ. नेहा पारीक आदि चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिन्द के ऑपरेशन एवं लैन्स प्रत्यारोपण निःशुल्क किये जायेंगे।

होलिका दहन के साथ धुलण्डी का त्यौहार मनाया

फुलेरा । कस्बे में गुरुवार व शुक्रवार को जगह-जगह पर रंगों का पावन त्यौहार होली और धुलण्डी पर्व बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी योगेन्द्र गहलोत ने बताया कि स्थानीय ढाणी नागान में करीब 40 फुट लम्बी होलिका का दहन किया गया। वहीं क्षेत्र के पुराना फुलेरा, न्यू कॉलोनी स्थित गणेश मन्दिर परिसर के पास, श्रीरामनगर, तेजाजी चौक, बड़ की कोठी, हरदेव जोशी कॉलोनी, न्यू गार्ड कॉलोनी, स्कूल की ढाणी, मुख्य बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर रात्रि में शुभ के अनुसार पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया। इसके पश्चात दूसरे दिन सभी ने एक दूसरे के अबीर रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। कई स्थानों पर ठण्डाई का वितरण किया गया। इसके अन्य स्थानों पर भी कई कार्यक्रमों के साथ रंगों का त्यौहार उल्लास पूर्वक मनाया गया।

वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां

निवाई। जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर चौहान व कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि मीना लसाडिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता डी.एल.एड प्रभारी कन्हैयालाल मीणा ने की। अध्यक्ष मीणा ने कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। राष्ट्र के निर्माण में शिक्षित बालक बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें बालको के साथ-साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चन्द्रवीरसिंह चौहान ने कहा कि समाज को उन्नित के मार्ग पर पहुंचाने में बालिकाओं का शिक्षित होना आवश्यक है।

व्याख्याता जसवंत सिंह नरूका ने समाजिक समरसता का संदेश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने से हौसला बढ़ता है। प्रधानाचार्य मीनल सरिया ने सभी छात्र छात्राओं को कडी मेहनत के साथ अपना लक्ष्य लेकर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान घूमर एवं गोरबंद सहित राजस्थानी गानों पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इसी अवसर पर डाईट स्टॉफ द्वारा भामाशाहों भूतपूर्व विद्यार्थीयों व प्रतिभावान छात्रों संजय शर्मा, राजकुमार मीणा, भागचंद शर्मा, अनिता चौधरी, अशोक साहू को विद्यालय स्टाफ द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह व डाईट रत्न पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।

संजय शर्मा ने सभी आगन्तुको का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्रकुमार जैन, रेखा जैन, रवि विजय, जसवंतसिंह नरूका, अजयकुमार अग्रवाल, डीएलएड प्रभारी कन्हैयालाल मीणा, स्काउट टीम के गिरिराज किशोर, निक्कु कंवर, पूनम कुमावत, आशीष, मनीष, पूजा, राहुल, शंकर साहू व अशोक सहित कई अभिभावक एवं शिक्षकगण मौजूद थे।

प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान करते हुए।

श्री कृष्ण गौशाला के फागोत्सव में खेली फूलों की होली

पावटा । होली के रंग, गोमाता के संग कार्यक्रम के तहत इस बार यह आयोजन शुक्रवार को श्री कृष्ण गौशाला पावटा में सावरिया मित्र मंडल व श्री कृष्ण गौशाला पावटा के तत्वाधान व महंत राधेश्याम, मोहनदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ। सावरिया मित्र मंडल पावटा के तत्वावधान में आयोजित फागोत्सव व भजन संध्या कार्यक्रम में शुक्रवार को श्री कृष्ण गौशाला पावटा में

- **फागोत्सव व भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम के लगाया छप्पन भोग**

सैकड़ों गौ भक्तों ने गौ भजनों पर नाचते झूमते भक्तिमय माहौल में गौमाता के संग होली पर्व मनाया। सावरिया मित्र मंडल पावटा वरिष्ठ सदस्य सियाराम कारोली वाले, संतोष अग्रवाल, विनोद बंसल ने बताया कि स्नेह, प्रेम और भाईचारे के पावन पर्व होली पर हजारों गौभक्तों ने अपने मन में गौसेवा, गौसंवर्धन का संकल्प लेकर श्री कृष्ण गौ शाला पावटा में आयोजित फागोत्सव व भजन संध्या महोत्सव में सम्मिलित होकर का आनंद लिया और फूलों से होली खेलकर फागोत्सव मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। समारोह में प्रसिद्ध गायक छाया सिंघल दिल्ली, रिंकू शर्मा रसिक, राजेश शर्मा श्याम दरबार सूरजगढ़ वाले, आरती शर्मा दौसा एण्ड पार्टी व स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति दी गई। समारोह में शामिल सैकड़ों लोगो ने बाबा श्याम और ईश्वरीय पूज्य गौमाता की भक्ति में डूबकर झूमते गाते पूरे उमंग एवं उत्साहपूर्ण माहौल में फूलों से होली खेली। वहीं बाबा श्याम के लगाए गए छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान सियाराम कारोली वाले, गोपाल मंगल, अशोक मंगल, महेंद्र गोयल, बृजमोहन गोयल, संतोष गुप्ता, मनोज गोयल, केशव गर्ग, अनूप गर्ग, करण पंसारी, रमेश कुमावत, लाला हुल्डा, एसजी मुकेश, राहुल गोयल, गोविंद गर्ग, वीरेंद्र अग्रवाल, विनोद गर्ग, मातादीन मीणा, सांवर बोहरा, योगेश शर्मा, राज ठाकरसी, राजेंद्र खंडेलवाल, ओमप्रकाश बंसल, विमल गर्ग, विजय गुप्ता, रिंकू अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, ख्यालीराम टांक, सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त मौजूद रहे।

फूलों से होली खेलकर फागोत्सव मनाया।

धूमधाम से निकाली शाही सवारी

टोंक। जिले में लोगों ने जमकर धुलंडी खेली, जहां एक दूसरे को गुलाल, रंग लगाकर भाई चारे का संदेश दिया, वही जिला मुख्यालय पर रियासत काल से निकाली जा रही सम्राट की सवारी गाजे-बाजे और विभिन्न झांकियों के साथ शान से निकाली गई इस दौरान लोगों ने जमकर होली खेली तथा सम्राट की सवारी में इस साल मशान अघोरी-तांडव, बरसाना की लट्ठमार, राधाकृष्ण की फूलों की होली, बाल-गोपाल कृष्ण-सखाओं की होली की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा सम्राट के जुलूस में पूर्व की भांति 11 ऊंटगाड़ियां, 11 घोड़ियों पर सवार होली के मतवाले, बैंड-बाजों की धुनों के साथ नाचते-गाते चल रहे शहरवासी भी जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। आगे एक ऊंट सवार सम्राट की अगुवाई सवारी में शामिल हुआ। यह जुलूस पुरानी टोंक अजमेर वालों की कोठी से सुबह 9 बजे से शुरु हुआ। वहां से रंग-गुलाल से होली खेलते हुए जुलूस पुरानी टोंक व मुख्य बाजार के कई इलाकों से होकर वापस अजमेर वालों की कोठी पहुंचा। इस दौरान हजारों शहरवासी उमड़ पड़े तथा इस दौरान पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात रहा। इस सवारी के दौरान जुलूस पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया तथा होली व

- **जिला मुख्यालय पर रियासत काल से निकाली जा रही सम्राट की सवारी गाजे-बाजे और विभिन्न झांकियों के साथ शान से निकाली**

गणगौर महोत्सव समिति के संयोजक ओम पांडे ने बताया कि इस बार सम्राट की सवारी के जुलूस में काशी के प्रसिद्ध मसान होली, शिव तांडव होली, बरसाना की सुप्रसिद्ध लट्ठमार होली की सजीव झांकियों के अलावा राधाकृष्ण के साथ फूलों व बाल-गोपाल, कृष्ण-सखाओं की होली की सजीव झांकियां मुख्य आर्कषक रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, पूर्व पार्षद राधेश्याम साहू, सुरेश जाजू, दिलीप जैन, मनोज शर्मा, मनोज काला, वृन्दावन दास, महेश पारीक, रतनलाल सैनी, अरूण नामा, कृष्णअवतार टांक, प्रवीण बंसल, मनोज, कालू जैन पूर्व पार्षद, मनीष बंसल, महेन्द्र लाला दुसाद, सुरेश कहाल्या, विजय मालवानी, दिलेर सिंह बना आदि के अलावा सैकडो की संख्याबल में दर्शक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

कोटपूतली। जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में शनिवार को भी बदस्तुर जारी रही।

जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ता विगत 31 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं विगत 18 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल शनिवार को भी लगातार जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में राजेन्द्र सैनी, रामजीलाल सैनी, नरेश यादव, फूलचंद भाटिया, सुखमोहन चौहान आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। वहीं दुसरी ओर कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल भी शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ के धरना स्थल पर पहुँचे। जहाँ उन्होंने वकीलों की मांग विस्तार से सुनी। विधायक पटेल का संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पटेल ने सभी को होली के पावन पर्व की बधाई देते हुये कहा कि डीजे कोर्ट कोटपूतली में ही खुलेगा। इस बात को लेकर कोई शंका नहीं की जानी चाहिये। इस बाबत सरकार से निरन्तर चर्चा व सकारात्मक प्रयास किये जा रहे है। साथ ही इसमें बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ का भी भरपुर सहयोग मिल रहा है।

जिले के तीनों विधायकों ने विधि मंत्री जोगाराम पटेल से इस मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की है। जिस पर उन्होंने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग एक माह से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में लगभग 20 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है।

इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी।

वकिलों को सम्बोधित करते विधायक पटेल।

- **जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ता विगत 31 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है**

पुलिसकर्मियो ने विरोध स्वरूप नही खेली होली

मालपुरा। लम्बे समय से लम्बित चल रही पुलिसकर्मियो की दस सुत्री मांगो को सरकार द्वारा स्वीकार नही करने से खफा पुलिसकर्मियो ने शनिवार को मालपुरा मे होली यूं कहे की रंग गुलाल खेलने का बहिष्कार किया। पुलिसकर्मियो ने बताया कि संगठन की दस सुत्री मांगो मे पुलिस कांस्टेबल की ग्रेड पे 3600 किये जाने, पुलिस कांस्टेबल से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की जाये।

राजस्थान पुलिसकर्मियो की जनसंख्या के आधार पर नफरी बढाये जाये। राजस्थान पुलिसकर्मियो का हार्ड ड्यूटी अलाउंस के अलावा मासिक रिस्क अलांउस 5 हजार रूपये दिये जाये। पुलिसकर्मियो को साप्ताहिक अवकाश दिया जाये। वर्दी भत्ता 10 हजार रूपये सालाना किया जाये। स्थानान्तरण पॉलिसी मे संशोधन,थाने मे पदस्थापन पर एक हजार रूपये की राशि दी जाये व आरएसी कम्पनी को रोटेशन प्रणाली मे संशोधन किया जाये। इन मांगो को संगठन लम्बे समय से स्वीकार करने की मांग कर रहा है।

सार-समाचार

दबिश के दौरान मरी बच्ची के परिजनों को आर्थिक सहायता

जयपुर। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी- मार्क्सवादी का प्रतिनिधि-मण्डल अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के गांव तेलियाबास कॉलोनी (रघुनाथगढ़) में घर पर दबिश देने गये नौगांव थाना के पुलिस कर्मियों के पैरों से कुचलकर बच्ची की मृत्यु के घटनास्थल का दौरा किया। पार्टी की केन्द्रिय कमेटी ने मृतक बच्ची के परिवार के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता भेजी है। पार्टी जिला सचिव रईसा, जिला सचिव मण्डल सदस्य कोमरेड ज्ञानचंद खामरा, जिला कमेटी सदस्य जाकिर ने पड़ित परिवार से मिलकर एक लाख रुपए मृतक बच्ची के पिता इमरान को सौंपे। पार्टीके प्रतिनिधियों ने परिवार जनों तथा धरना स्थल पर उपस्थित गांव वालों से मामले में नए डेवलपमेंट की जानकारी ली।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का स्वागत किया

चौमूं /कालाडेरा । ग्राम पंचायत कालाडेरा को नगरपालिका में क्रमोन्नत होने पर वरिष्ठ भाजपा का कार्यकर्ता के साथ ग्रामवासियों ने डीजे के साथ कालाडेरा से पैदल चल कर और हाथों में 151 फुट का साफा लेकर रावण गेट भाजपा कार्यालय पहुंचे और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ज़ोरदार स्वागत सत्कार किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पटाखे फोड़े गए और रामलाल शर्मा को 151 फुट का साफा व माला पहनाकर और गुलाल लगाकर आभार जताया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कालाडेरा को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने पर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मौक़े पर सरपंच अशोक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव, बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल गोगोरिया, पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता कल्याण दत्त जांगिड़, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान खोज, शक्ति केंद्र प्रभारी सोहन लाल कुमावत, छीगनलाल कुमावत, मुकेश चोपड़ा, अर्जुन ममोडिया, मोहन लाल खोज, ग्यारसी लाल खोज, कालूराम उज्जैनिया, बबलू उज्जैनिया, रणजीत, नंदलाल कुमावत, मुकेश पंचोली, श्रीराम यादव, सीताराम यादव, हरनाथ बागड़ा, श्री राम सांखला, बद्री बागड़ा, मोहन खत्री, रामलाल टाटला सहित सेकड़ो वरिष्ठ कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सरकारी स्कूल को निशाना बना रहे चोर

पावटा। निकटवर्ती ग्राम कुनेड की सरकारी स्कूलों में चोरियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस बीच शनिवार को ग्राम कुनेड सरकारी स्कूल में घुसकर चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। इस स्कूल में पहले भी दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। प्राधानाध्यापक बलदेव शर्मा ने घटना की जानकारी प्रागपुरा थाने पर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है। प्राधानाध्यापक बलदेव शर्मा ने बताया कि ग्राम कुनेड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार की रात चोर घुस गए। चोरों ने कमरों के ताले तोड़ डाले व विद्यालय में लगे इंवर्टर व बैट्री ले जाने की कोशिश की लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। इंवर्टर व बैट्री विद्यालय परिसर में ही पड़े मिले वहां से कोई सामान चोरी नहीं जा सका। शनिवार को सुबह स्कूल खुलने पर कमरों के ताले टूटे देखकर घटना का पता चला। प्रधानाध्यापक बलदेव शर्मा के अनुसार इस स्कूल में पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है। हर बार पुलिस को घटना की जानकारी दी गई लेकिन चोर अब तक नहीं पकड़े जा सके।

विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग की

दौसा। राज्य में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए आरपीएससी शिक्षक फोरम ने विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग की है। फोरम के प्रवक्ता अभय सक्सेना ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तापमान में तेज़ बढ़ोतरी हुई है, जिससे छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फोरम ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि 1 अप्रैल से प्रस्तावित विद्यालय समय (सुबह 7:30 से दोपहर 12:30) को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि छात्रों को गर्मी से राहत मिल सके। फोरम की इस मांग का समर्थन करते हुए प्रहलाद फाटक्या, कैलाश शर्मा, कालूराम मालपुरिया, राजेश निर्बाण, महेंद्र जीरोता, जितेंद्र सैनी, केशफूल मीणा, पंकज अग्रवाल, मीनाक्षी मल्होत्रा, सुनीता मीणा, विमलेश गंगावत, मुरलीधर मीणा, वसराम गुर्जर, वसीम अहमद, जाकिर हुसैन, घमंडी लाल मीणा, बनबारी लाल देवनवाडा, कमल बीगास, अनिल शर्मा और विनोद सिंह सहित कई शिक्षक नेताओं ने समर्थन जताया है। फोरम के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि अधिकांश राजकीय विद्यालयों में गर्मी से बचाव की मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में विद्यालय समय परिवर्तन ही एकमात्र छात्र हितैषी कदम होगा।

बड़ा बालाजी का लगा मेला

श्रीमाधोपुर। धुलंडी पर्व पर जालपाली गांव स्थित केशवदासजी महाराज व गौशाला बाजार दो नंबरी स्कूल स्थित बड़ा बालाजी मंदिर में शाम मेला लगा जिसमें कुश्ती दंगल में स्थानीय व दूर-दराज से आए पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाए। केशवदासजी मंदिर में 51 से 2100 रुपए तक की कुश्ती वही बड़ा बालाजी मंदिर में 21 से 2100 तक की कुश्ती प्रतियोगिता हुई। कोच प्रभाती लाल सामोता व ओमप्रकाश जांगिड़ ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में रौचक मुकाबले हुए। बड़ा बालाजी मंदिर के पुजारी महावीर प्रसाद लाटा ने बताया कि कुश्ती में ठिकरिया के पहलवान संदीप ने 500 रुपए की, श्रीमाधोपुर के पहलवान मोहित ने 700 रुपए की, अजय ने 1100 रुपए की , कल्याणपुरा के नेतराम ने 2100 रुपए की कुश्ती में जीत हासिल की। बड़ा बालाजी मंदिर में रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड के पाठ किये गए तो बाबा केशव दास जी महाराज के मंदिर में जागरण हुआ।

धूमधाम से होली धुलंडी पर्व मनाया

श्रीमाधोपुर। शहर में होली व धुलंडी का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया।सुबह से ही युवाओं की टोलियां रंग गुलाल लेकर घर से निकले । इस बार खास उत्साह देखने को मिला, जहां लोगों ने शांति और सौहार्द के साथ एक-दूसरे को रंगों में सराबोर किया। हर गली-मोहल्ले में रंगों का धमाल मचा रहा। लोग अपने मित्रों और परिजनों के घर पहुंचकर गुलाल और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बाजारों में युवाओं की टोलियों ने जमकर होली खेली और पारंपरिक अंदाज में चंग की थाप पर फाग गीतों से समां बांध दिया। वहीं बच्चों ने पिचकारियों से खेलकर होली का आनंद लिया। शहर के श्री रघुनाथ मंदिर, श्रीगोपीनाथ मंदिर, खेड़ापति बालाजी मंदिर, श्रीसीताराम बाबा बावड़ी आश्रम, चित्रकूट धाम नीमेड़ा समेत आसपास के मंदिरों में श्रद्धालु फाग भजनों पर नृत्य करते हुए एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाया।

होली का पर्व धूमधाम से मनाया

दूदू। कस्बा दूदू एवं आसपास के गांवों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर होली पूजा स्थल पर लगाए गए डंडे पर गोबर से निर्मित बडकूले बालिकाओं द्वारा डाले गए पश्चात पूजा अर्चना की जाकर होलिका दहन किया गया दूसरे दिन रंग बिरंगे कलर एवं गुलाल लगाया जाकर धुलंडी का पर्व पर भाईचारे का संदेश दिया गया कस्बे के निजी रिसोर्ट में धुलंडी के अवसर पर भाजपा मंडल दूदू मोजमाबाद फागी के तत्वाधान में आयोजित स्नेह मिलन समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा ने कार्यकर्ताओं के साथ धूमधाम से रंग बिरंगी गुलाल एवं रंग लगाया जाकर धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान सभी मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे बैरवा ने कहा कि इस त्योहार से भाईचारे का संदेश दिया जाता है।